# जनसमस्या पखवाड़ा शिविर में नागरिक आवास योजना के फार्म ले सकते है

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का तत्काल निराकरण करा सकते है। शिविर स्थल पर ही प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान–मोर आस घटक अंतर्गत निगम के विभिन्न परियोजना स्थल पर निर्मित आवासो के आबंटन हेतु शासन के निर्धारित आवेदन पत्र का विक्रय किया जा रहा है। नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में नए राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ–साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वनिधि में लोन की सुविधा, पानी, बिजली, नाली समस्या, जल निकासी, लाईट नहीं जलना, आदि सभी प्रकार के आवेदन भर सकते है। अपनी समस्याओ का निराकरण भी करा सकते है। नागरिक इन सभी आवश्यकताओ को लेकर नगर निगम भिलाई के जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में आना पड़ता है। शिविर के माध्यम से अपने वार्ड में ही अपनी समस्याओ का समाधान करवा सकते है। भिलाई में निवासरत ऐसे परिवार जो किराये में निवास करते है या जिनके पास स्वयं का मकान उपलब्ध नहीं है। उनके लिए शिविर स्थल पर निर्धारित आवेदन शुल्क 100 रूपये जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। शिविर स्थल पर प्राप्त किये गये आवेदन पत्र में मांगे गये दस्तावेज संलग्न कर मुख्य कार्यालय के 16 नम्बर कक्ष के काउन्टर पर जमा किया जाना है। आवेदन पत्र जमा करने का समय प्रातः 10:30 से 4:00 बजे तक कार्यालयीन अवधि में जमा किया जाना है। जमा फार्म के आधार पर ही लॉटरी निकालकर आवास आबंटन किया जायेगा।